भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2837**
18 मार्च, 2025 को उत्तरार्थ

**विषय : कृषि  इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए भारत अभियान**

2837. श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकरः

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने दादरा और नगर हवेली संघ राज्यक्षेत्र सहित देश में कृषि  इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए समय पर ऋण प्रदान करने हेतु बैंकों और ऋणदात्री संस्थाओं के बीच प्रतिस्पर्धात्मक माहौल बनाने के लिए बैंक्स हेराल्डिंग एक्सीलरेटेड रूरल एंड एग्रीकल्चर ट्रांसफॉर्मेशन (भारत) अभियान शुरू किया है;

(ख) यदि हां, तो इस योजना से कृषि क्षेत्र को क्या लाभ मिलने की संभावना है; और

(ग) संघ राज्यक्षेत्र दादरा और नगर हवेली सहित राज्यवार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) से (ग): जी हां, महोदय। लोगों को अधिकतम लाभ प्रदान करने और कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजना ऋण को तेज गति से जुटाने के लिए बैंकों और ऋण देने वाली संस्थाओं के बीच प्रतिस्पर्धात्मक भावना पैदा करने के लिए एग्रीकल्चरल इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड योजना के तहत सरकार द्वारा 'भारत' (बैंक्स हेराल्डिंग एक्सेलेरेटेड रूरल एंड एग्रीकल्चर ट्रांसफॉर्मेशन) नामक एक अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 15 जुलाई 2023 से 31 अगस्त 2023 तक संघ राज्य क्षेत्र दादरा और नागर हवेली सहित पूरे भारत में 7200 करोड़ रुपये के समग्र लक्ष्य के साथ शुरू किया गया था। अभियान के अंत में विभिन्न श्रेणियों अर्थात् सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के वाणिज्यिक बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, लघु वित्त बैंक (एसएफबी), गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) और सहकारी बैंकों में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले बैंकों का चयन किया गया और उनके विशेष योगदान को मान्यता दी गई। अभियान के दौरान, कृषि क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश के विभिन्न क्षेत्रों में 5,256 इन्फ्रास्ट्रक्चर यूनिट्स की स्थापना के लिए विभिन्न बैंकों द्वारा कुल 4,856 करोड़ रुपये की धनराशि को मंजूरी दी गई है।

इस अभियान का उद्देश्य बैंकों और ऋण देने वाली संस्थाओं के बीच प्रतिस्पर्धात्मक माहौल को बढ़ावा देना था। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए, इन बैंकों और ऋण देने वाली संस्थाओं को विशिष्ट लक्ष्य दिए गए थे। भारत अभियान के दौरान दादरा और नागर हवेली संघ राज्य क्षेत्र में कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई। तथापि, अभियान के दौरान स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या और धनराशि का राज्य-वार विवरण **अनुबंध-I** में देखा जा सकता है।

**लो.स.अ.ता.प्र.स. 2837**

**<u>अनुबंध-I</u>**

**भारत अभियान के दौरान परियोजनाओं की संख्या और स्वीकृत धनराशि का राज्य-वार विवरण**

| **राज्य** | **अभियान के दौरान स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या** | **अभियान के दौरान स्वीकृत धनराशि (करोड़ रुपए में)** |
|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 345 | 671 |
| पंजाब | 1545 | 554 |
| महाराष्ट्र | 573 | 536 |
| मध्य प्रदेश | 452 | 513 |
| कर्नाटक | 239 | 329 |
| हरियाणा | 321 | 301 |
| राजस्थान | 211 | 279 |
| गुजरात | 196 | 212 |
| तमिलनाडु | 220 | 195 |
| पश्चिम बंगाल | 234 | 190 |
| ओडिशा | 134 | 170 |
| बिहार | 87 | 152 |
| छत्तीसगढ | 99 | 143 |
| तेलंगाना | 108 | 136 |
| आंध्र प्रदेश | 110 | 117 |
| जम्मू और कश्मीर | 6 | 91 |
| उत्तराखंड | 46 | 68 |
| असम | 63 | 65 |
| केरल | 165 | 63 |
| झारखंड | 26 | 48 |
| हिमाचल प्रदेश | 72 | 12 |
| त्रिपुरा | 2 | 7 |
| नगालैंड | 1 | 1 |
| गोवा | 1 | 0.25 |
| **सकल योग** | **5256** | **4856** |

*****